# श्रीराम फाइनेंस ने 'फोकस यूपी' कार्यक्रम किया लॉन्च, उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने का लक्ष्य




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के इरादे से, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी और भारत की सबसे बड़ी एनबीएफसी में से एक, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज अपनी 'फोकस यूपी' रणनीति की घोषणा की – जो उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी पहुंच को विस्तार देने की एक व्यापक योजना है।

**'फोकस यूपी' रणनीति के चार प्रमुख स्तंभः**

व्यक्तिगत आवागमन को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए किफायती दोपहिया ऋण।

छोटे और सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन देने के लिए एमएसएमई ऋण में बढ़ोतरी।

सुरक्षित क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गोल्ड लोन की पेशकश में विस्तार।

नए और पुराने दोनों तरह के कमर्शियल वाहनों के लिए आसानी से उपलब्ध कमर्शियल वाहन लोन।

यह पहल राज्य भर में ग्राहकों की भागीदारी को गहरा करने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जो उत्तर प्रदेश की तेज आर्थिक गति और वित्तीय सेवाओं की मौसमी मांग को ध्यान में रखती है।

**त्योहारी सीजन की पेशकशः श्रीराम आउटस्टैंडिंग नेटवर्क डील्स (SOND)**

श्रीराम फाइनेंस ने व्यक्तिगत गतिशीलता को और अधिक सुलभ बनाने के लिए विशेष दोपहिया ऋण योजनाएं शुरू की हैं।